CBSE Sample Paper
Hindi Set – A
Class 8

Total marks: 90

1. All questions are compulsory.
2. The question paper consists of 33 questions divided into three sections A, B and C.
 Section A contains 27 questions of 2 marks each.
3. Section B contains 4 questions of 4 marks each, Section C contains 2 questions of 10 marks each.
4. There is no overall choice in the paper.

Time Allotted: 3 hours **Maximum Marks: 90**

Section - A

1. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'संकेतवाचक वाक्य' का उदाहरण है?

(क) मैं प्रत्येक वीरवार को गुरुद्वारा आता हूँ|

(ख) यदि पिता जी की आज्ञा हो तो मैं कुछ दिनों के लिए नैनीताल जाना चाहता हूँ|

(ग) उन्होंने मुझसे कुछ भी नहीं ख़रीदा|

(घ) क्या आप मुझसे मित्रता करेंगे?

2. शब्दों का प्रयोग जब वाक्य में होता हैं, तब वह ________कहलाते हैं।

3. वाक्य के कितने अंग हैं?

4. "जिसे जाना न जा सके" वाक्यांश के लिए कौन सा शब्द प्रयुक्त किया जाएगा?

5. "मेरे लाल ने लाल रंग के कपड़े पहने हैं|" इस वाक्य में 'लाल' शब्द के दो भिन्न अर्थ _______ और _________________ हैं।

6. 'जग' शब्द के दो भिन्न अर्थ बताइए।

7. माला फेरत जुग गया, फिरा न मनका फेर|
कर का मनका डारि दे, मनका मन का फेर ||
इस दोहे में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?

8. "हाय! फूल सी कोमल बच्ची, हुई राख की थी ढेरी|" इस पद में साधारण धर्म पद कौन-सा है?

9. हिंदी भाषा में कितने प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग होता है?

10. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(क)

हिंदी भाषा में सात प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग किया जाता है|

(ख)

'उन' उपसर्ग मूलतः हिंदी भाषा का है|

(ग)

'हैड' उपसर्ग मूलतः उर्दू भाषा का है|

(घ)

'निर्जन' शब्द की रचना 'नि' उपसर्ग के प्रयोग से हुई है|

11. नीलगाय जंगल में रहती है|' पंक्ति में रेखांकित शब्द किस समास का उदाहरण है?

12. कर्मधारय समास कहते हैं?

13. नीचे दिए गए वाक्यों में कौन-सा वाक्य संबंधबोधक कारक का उदाहरण है?

(क) हेमा को जाना पड़ा|

(ख) प्रियंका को खाना चाहिए|

(ग) श्वेता अनुच्छेद लिखती है |

(घ) स्वाती की किताब यहाँ छूट गई है|

14. 'हमसब विद्यालय में पढ़ते हैं|' इस वाक्य में प्रयुक्त 'में' परसर्ग कौन-से कारक का बोध कराता है?

15. "महिमा खाना बना रही है|" वाक्य किस काल का उदाहरण है?

16. "हम सिनेमा देखते हैं।" प्रस्तुत वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

17. 'अपनाना' किस प्रकार की क्रिया है?

18. 'नदियाँ हमें जल देती हैं|' इस वाक्य में मुख्य कर्म कौन-सा है?

19. "वह प्रतिदिन घूमने जाता है|" इस वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण शब्द है-

____

20. नीचे दिए विकल्पों में से सुमेलित की पहचान कीजिए-

(क) आज – रीतिवाचक

(ख) अब – परिमाणवाचक

(ग) प्रतिदिन – स्थानवाचक

(घ) अभी – कालवाचक

21. जिस समास में दूसरा पद प्रधान, पहला पद गौण होता है। और कारकीय परसर्गों का लोप होता है उसे क्या कहते हैं?

22. "जिस सामासिक पद के दोनों पद प्रधान हों और विग्रह करने 'और', 'अथवा', 'या', लगता हो उसे _____________ कहते हैं|"

23. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'द्विगु समास' का उदाहरण है?
(क) कृष्णसर्प
(ख) नीलगाय
(ग) चतुष्पथ
(घ) स्त्रीरत्न

24. "यह पेड़ बहुत लम्बा है|" इस वाक्य में आये विशेषण पद का पद परिचय ____________________________ होगा।

25. "एक वयस्क इंसान में ३२ दाँत पाये जाते हैं|" प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित पद का सही पर्यायवाची शब्द ____________________ है।

Section - B: Reading

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|
मानव जाति को जो बीमारियाँ विरासत में मिली हैं, उनमें अधिकांश के लिए स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य रक्षा के नियमों की अनभिज्ञता और अवहेलना उत्तरदायी है इसमें संदेह नहीं कि हमारे यहाँ की इतनी ऊँची मृत्यु दर

का कारण मुख्य रूप से हमारी घोर दरिद्रता है पर यदि लोगों को अपने स्वास्थ्य रक्षा के विषय में ठीक से शिक्षित किया जा सके तो इस समस्या का समाधान संभव है।

26. अवहेलना शब्द कैसे बना है?

27. गद्यांश के अनुसार उच्च मृत्यु दर का क्या कारण है?

28. अनभिज्ञ शब्द में कौन सा उपसर्ग लगा है?

29. गद्यांश के अनुसार बीमारियाँ कैसे मिली हैं?

Section - C : Writing

30. 'मंदिर' विषय पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें|

31. नीचे दिए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करें

32. पिता द्वारा पुत्र को पढ़ाई में प्रोत्साहन हेतु सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

33. निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए-

प्रदूषण की समस्या